# JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

**परियोजना का नामः–** मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत ग्वाड–डिडोली–रिखतोली–पारतोली– किमोली मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 2.100 हे0 सिविल वन भूमि एवं मकडिस्पोजल हेतु 0.100 कुल 2.200 है0 सिविल वनभूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

यह मोटर मार्ग राजकीय इंटर कॉलेज कनखुल मोटर मार्ग के कि0मी0 2 से प्रारम्भ हो कर ग्राम किमोली मल्ली तक जाता है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम– कलखुल तल्ला, ग्वाड, रिठोली एवं किमोली मल्ली के ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी वर्तमान में गांव की महिलाए पानी लकडी, चारा आदि लाने दूर जाती है मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दें पाऐंगी। गॉव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के ओर नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज, आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पायेंगे। साथ ही गाव विकास की ओर अग्रसर होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें। चूँकि गॉव का रास्ता सिविल वन भूमि से होकर जाता है तथा मोटर मार्ग हेतु तकनीकी दृष्टि से भी सिविल वन भूमि पर ही मोटर मार्ग का निर्माण सम्भव है। वन भूमि के अलावा अन्य किसी प्रकार की भूमि से मोटर मार्ग का निर्माण सम्भव नहीं है।

**समरेखण–1** यह मोटर मार्ग राजकीय इंटर कॉलेज कनखुल मोटर मार्ग के कि0मी0 2 से प्रारम्भ होकर किमोली मल्ली गॉव तक 7.00 कि0मी0 लम्बाई मे जाता है। इस समरेखण पर क्षेत्रिय जनता की सहमति हैं तथा भू–गर्भ वेता द्वारा भी समरेखण को मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया है। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्डो की संख्या 4 हैं तथा 208 वृक्ष प्रभावित होते हैं।

**समरेखण–2** यह मोटर मार्ग राजकीय इंटर कॉलेज कनखुल मोटर मार्ग के कि0मी0 2 से प्रारम्भ होकर किमोली मल्ली गॉव तक 7.500 कि0मी0 लम्बाई मे जाता है। इस समरेखण से क्षेत्रिय जानता भी सहमत नहीं हैं । इस समरेखण में हेयरपिन बैण्डो की संख्या 6 हैं तथा 240 वृक्ष प्रभावित हो रहे है।

उपरोक्त दोनों समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपलब्ध नहीं हैं। अतः मार्ग निर्माण हेतु संमरेखण न0–1 उपर्युक्त हैं।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

वनक्षेत्राधिकारी
वन क्षेत्राधिकारी
नन्दप्रयाग रेंज
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर
(चमोली)

प्रभागीय वनाधिकारी